पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

होली पर राज्यपाल की बधाई

—————

राज्यपाल कल पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे तक गणमान्य नागरिकों से भेंट करेंगी

—————

लखनऊः 16 मार्च, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने होली के पावन अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए उनके सुखी एवं समृद्धि जीवन की कामना की है

रंगों के पर्व होली के अवसर पर जारी अपने बधाई संदेश में राज्यपाल जी ने कहा है कि रंगों का त्यौहार होली सामाजिक सौहार्द का पर्व है और लोगों के जीवन में खुशी, उत्साह व आशा का संचार करता है। उन्होंने कामना की कि उमंग और उल्लास का यह पर्व हमारी सांस्कृतिक विविधता में निहित राष्ट्रीय चेतना को और शक्ति प्रदान करे। राज्यपाल जी ने जनसामान्य से अपील की कि वे कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए सुरक्षित होली मनाएं।

राज्यपाल जी होली के अवसर पर राजभवन में गणमान्य नागरिकों तथा वरिष्ठ अधिकारियों से 17 मार्च, 2022 को पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे तक भेंट करके होली की बधाई देंगी।

———————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (173/27)
सम्पर्क सूत्र 9453005360